उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 06 अग्रहायण, शक संवत्, 1936
## ( दिनांक : 27 नवम्बर, 2014 )

## समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख" तथा ''ग''**)

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक - महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के 31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ''राज्य के वित्त पर भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन'' एवं 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए ''भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या-1)'' तथा 31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ''भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (प्रतिवेदन संख्या-2)'' को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. वित्त मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2013-14 के वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे सदन के पटल पर रखेंगे।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 57 गोविन्दगढ़ क्षेत्र से गुजर रही बिन्दाल नदी के किनारे सुरक्षा दीवार बनाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री मेहर सिंह, निवासी 66 आजाद कालोनी, गोविन्दगढ़, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 57 गोविन्दगढ़ क्षेत्र से गुजर रही हाईटेंशन लाईन को अन्यत्र स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री मेहर सिंह, निवासी 66 आजाद कालोनी, गोविन्दगढ, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्राम सभा नौसर के राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का उच्चीकरण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री अनिल, निवासी ग्राम सभा नौसर पो0 खटीमा विकास खण्ड खटीमा जनपद ऊधम सिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड खटीमा के ऊंची बगुलिया खालीमहुवट, अमाऊ, खटीमा की विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांस्फार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती कुसुम देवी, निवासी ग्राम सभा ऊंची बगुलिया, पो0 खालीमहुवट, विकास खण्ड खटीमा, जनपद ऊधम सिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड खटीमा के ग्राम गांगी, बिरिया मझोला की लो बोल्टेज की समस्या के समाधान किये जाने के सम्बन्ध में" श्री नवीन सिंह कन्याल, निवासी ग्राम सभा गांगी, पो0 बिरिया मझोला, विकास खण्ड खटीमा, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड खटीमा के ग्राम दिया, बिरिया, मझौला में एक 63 के0वी0 विद्युत ट्रांसफार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्री नवीन सिंह कन्याल, निवासी ग्राम सभा गांगी, पो0 बिरिया मझोला, विकास खण्ड खटीमा, जनपद ऊधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुड़रिच तथा ग्राम पंचायत एटनबाग के ग्राम उदियाबाग की भूमि वर्ग-6 की भूमि घोषित किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री धर्मवीर प्रकाशी, निवासी ग्राम पंचायत जमनीपुर, ग्राम गुड़रिच, पो0 विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाड़वाला में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री थेपडू, निवासी ग्राम पंचायत बाड़वाला, पो0 अशोक आश्रम, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तौली-भूड़ में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री विरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पंचायत तौली-भूड़, . पो0 लॉघा, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मदर्सू में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री मुन्नू निवासी ग्राम पंचायत मदर्सू, पो0 मदर्सू, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भलेर में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री मीजान सिंह, निवासी ग्राम पंचायत भलेर, पो0 मदर्सू, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ के वार्ड न0 15 में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री जोगेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ, वार्ड न0 15, पो0 आम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ के वार्ड न0 14 में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्रीमती बानो, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ, वार्ड न0 14, पो0 आम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0-13 वार्डों में पक्के शौचालय निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कविता देवी, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0-13, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की तहसील विकास नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 12 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्रीमती अनिता देवी, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 11 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री नरेश दत्त बिजल्वाण, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ, वार्ड न0 11, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 10 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री सकिल, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0 10, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 9 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' मौ0 हासिम, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0 9, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 7 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जैनब, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0 7, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ वार्ड न0 8 में पक्के शौचालयों के निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री अनवर, निवासी ग्राम पंचायत जीवनगढ़, वार्ड न0 8, पो0 अम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादूनएवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

28. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

29. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

30. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''घ''**)

31. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

32. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मदरहुड विश्वविद्यालय विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>5. श्री चन्द्रशेखर<br>6. श्री गणेश जोशी<br>7. श्री राजकुमार ठुकराल | ''मदरहुड विश्वविद्यालय विधेयक, 2014'' को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।''<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

33. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मदरहुड विश्वविद्यालय विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

34. कृषि मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय।**(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1 श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>5. श्री चन्द्रशेखर<br>6. श्री गणेश जोशी<br>7. श्री राजकुमार ठुकराल | ''उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।''<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

35. कृषि मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

36. आवास एवं शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य गैरसैंण विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय।**(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1 श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>5. श्री चन्द्रशेखर<br>6. श्री गणेश जोशी<br>7. श्री राजकुमार ठुकराल | उत्तराखण्ड राज्य गैरसैंण विकास परिषद विधेयक, 2014 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।''<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

37. आवास एवं शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य गैरसैंण विकास परिषद विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

38. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य खनिज विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय।**(30 मिनट)**

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>5. श्री चन्द्रशेखर<br>6. श्री गणेश जोशी<br>7. श्री राजकुमार ठुकराल | उत्तराखण्ड राज्य खनिज विकास परिषद विधेयक, 2014 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।''<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

39. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य खनिज विकास परिषद विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

40. औद्योगिक विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार किया जाय।**(30 मिनट)**

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>5. श्री चन्द्रशेखर<br>6. श्री गणेश जोशी<br>7. श्री राजकुमार ठुकराल | उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास परिषद विधेयक, 2014'' को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।''<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

41. औद्योगिक विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास परिषद विधेयक, 2014 पारित किया जाय।

42. जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत चन्द्रभागा नदी में उपखनिज का चुगान कितने सालों से न किये जाने एवं इसके कारण नदी का जलस्तर तटबन्ध के बराबर हो जाने से ढालवाला एवं मुनी की रेती क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न होने विषयक दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-82 के संबंध में श्री सुबोध उनियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

43. नियम-105 के अन्तर्गत श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।

> ''राज्य में नगर निगम व नगर पालिका, नगर पंचायतों के कार्यो के संचालन हेतु संयुक्त रूप से सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों/ मेयर/ अध्यक्ष/पार्षद/ सदस्यों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया जाय।'' **(30 मिनट)**

44. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-(**30 मिनट**)

''प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ विभागों की अलग-अलग बी0पी0एल0 सूची के आधार पर दिया जा रहा है। विभागवार अलग-अलग सूची से भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है तथा वास्तविक पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित हो रहें है। अतः जनहित में आवश्यक है कि प्रदेश में बी0पी0एल0 परिवारों की एक सम्पूर्ण सूची बनायी जाय तथा सभी विभागों हेतु एक ही सूची मान्य हों।''

45. श्री शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-(**30 मिनट**)

''राज्य के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसी बस्तियां बसी हुई हैं जिनके निवासियों के पास उस भूमि का कोई मालिकाना प्रमाण पत्र नही है, जिस पर उन्होने अपने रिहायशी मकान बनाये है।

ये आवासीय ईकाईयां अस्थायी, अर्द्ध स्थायी तथा स्थायी तीनों संरचनाओं में है। ये बस्तियां नदियों के किनारें, सड़कों के किनारे तथा अनुपयुक्त पड़ी राजकीय या विभागीय भूमियों पर विकसित हुयी है।

कुछ नगर निकायों में ऐसे बस्तियों को मलिन बस्ती के रूप में अधिसूचित भी किया गया है, परन्तु ग्रामीण क्षेत्र जो ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत आता है, में ऐसी कोई अधिसूचना की कार्यवाही नही की गयी है।

इन बस्तियों में बिजली, पानी की सुविधाएं अस्थायी व्यवस्थाओं के अन्तर्गत प्रदान की गयी है, परन्तु स्वच्छता की दृष्टि से ये मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां के निवासियों के पास राशन कार्ड, वोटर कार्ड आदि की पूर्ण व्यवस्था है।

इन बस्तियों की बसावट आपदा के समय राहत पहुंचाने की दृष्टि से भी अति संवेदनशील है।

इन बस्तियों के निवासी समाज को मजदूर तथा सेमी स्किल्ड मजदूर के रूप में, अत्यधिक छोटे व्यापारी तथा व्यवसायियों के रूप में अति आवश्यक सेवा प्रदान करते है। घरेलू सहायकों के रूप में इनका योगदान है।

सामाजिक संरचना में इस सर्विस सेक्टर के योगदान तथा आवश्यकता को देखते हुए यह समाज के हित में है कि इन मलिन बस्ती वासियों को सुरक्षित स्वच्छ आवासीय सुविधा प्रदान करने की नीति प्रख्यापित की जाय।''

46. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

47. जनपद टिहरी गढ़वाल की तहसील धनोल्टी के अन्तर्गत पट्टी सकलाना में 15 अगस्त, 2014 को आई भीषण आपदा से विभिन्न ग्रामों की विद्युत लाईनों के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में श्री महावीर सिंह रांगड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 26 नवम्बर, 2014 को दी गई सूचना पर, विकास मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

48. विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत ऐतिहासिक प्रसिद्ध गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब एवं नदीश्वर मन्दिर ध्यानपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में डा0 प्रेम सिंह राणा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 26 नवम्बर, 2014 को दी गई सूचना पर, पर्यटन मंत्री का नियम–53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

49. जन-गण-मन (देखिए नत्थी **"ङ"** )।

आज्ञा से,

**देहरादून :**
**दिनांक : 26 नवम्बर, 2014**

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

तृतीय सत्र, 2014
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 06 अग्रहायण, शक संवत्, 1936

## ( दिनांक : 27 नवम्बर, 2014 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>10.11.2014 | ''क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि ग्राम सभा ओरंगाबाद विकास खण्ड बहादराबाद जिला हरिद्वार की पेयजल योजना का नलकूप लम्बे समय से बन्द पड़ा है जिस कारण ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजना के बन्द पड़े नलकूप का रिबोर कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में गोल्डन फारेस्ट नामक कम्पनी की कितनी भूमि हैं और उसकी वैधानिक स्थिति क्या है ? क्या माननीय न्यायालयों से इस संबंध में कोई आदेश पारित हुए हैं ? यदि हां, तो वे क्या है तथा क्या उनका शत प्रतिशत पालन सरकार द्वारा किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **पेयजल** |
| कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''<br>17.11.2014 | ''क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा प्रांतीय रक्षक दल (पी0आर0डी) के कार्मिकों को सभा सचिव तथा अध्यक्ष (विभिन्न आयोग, परिषद) के कार्यालयों में आशुलिपिक एवं लिपिक के रूप में तैनात किया जा रहा है जो कि अनुचित है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि पी0आर0डी0 कार्मिक उक्त प्रकार के कार्य करने में दक्ष नहीं है जिससे कार्यकुशलता प्रभावित हो रही है एवं सरकारी कार्य बाधित हो रहे हैं ? क्या पी0आर0डी कार्मिक से सुरक्षा एवं अनुसेवक के कार्य के अतिरिक्त भी लिपिकीय कार्य लिया जाना उचित है ? यदि नहीं, तो क्या उक्त की त्रृटिपूर्ण तैनाती का कारण स्पष्ट कर उक्त प्रक्रिया को रोका जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |

# नत्थी ''ख''

**<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत तृतीय सत्र 2014 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक 29.01.2014 | ’01. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में नदियों के किनारे बसी बस्तियों द्वारा नदियों में सीवर बहाया जा रहा है जिससे नदियों में अत्याधिक मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा नदियों में हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु कोई नीति तैयार की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

# नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 04.08.2014 | '1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सन् 2014 की आपदा में जनपद पौड़ी गढ़वाल की कुल कितनी पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा कितना कितना बजट इन योजनाओं के लिए स्वीकृत किया गया है और कितना पैसा निर्माण कार्य में खर्च किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र जनपद पौड़ी गढ़वाल की कौन कौन सी योजनायें स्वीकृत हैं और इनके लिए कितना बजट स्वीकृत है ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.08.2014 | '2. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत पड़ने वाले नीलकंठ सावन मेले में वर्ष 2014 में कुल कितने कांवड़ यात्री नीलकंठ पहुंचे ? क्या सरकार ने पंजीकरण की व्यवस्था की थी ? यदि हां, तो मेले की व्यवस्था के लिए बजट की क्या व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार नीलकंठ सावन मेले की अभिसूचित कर बजट की समुचित व्यवस्था करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक 08.08.2014 | '3. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष राज्य में चार धाम यात्रा को सुचारू रूप से संचालन हेतु सरकार ने क्या क्या व्यवस्था की है ? इस वर्ष चार धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या क्या रही ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 14.08.2014 | '4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नन्दा राजजात यात्रा की तैयारी में कौन कौन से कुल कितने निर्माण कार्य 16 एवं 17 जून, 2013 से पहले किये गये थे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नन्दा राजजात यात्रा व्यवस्थाओं के लिए कुल कितना बजट स्वीकृत था और कुल कितना व्यय किया गया ? क्या नन्दा राजजात यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न करा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.08.2014 | '05. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विश्व बैंक द्वारा पोषित स्वैप कार्यक्रम के अन्तर्गत सल्ट विधान सभा क्षेत्र में चमयाड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना "बहुल ग्राम योजना" जिसकी अनुमानित लागत 172.77 लाख थी निर्माणाधीन है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उपरोक्त ग्राम समूह पेयजल योजना की वर्तमान में लागत 2.22 करोड़ के आकलन शासन में उपलब्ध हैं ? क्या सरकार उक्त पेयजल योजना का कार्य शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.08.2014 | '06. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के अति दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों के रहने के लिए आवास न मिलने के कारण उन्हे काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ? क्या माननीय मंत्री जी ऐसे अति दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों के रहने हेतु आवासीय व्यवस्था करेंगे ताकि अध्यापकों के विद्यालय में ही रहने के कारण क्षेत्रों को अधिक लाभ मिल सके ? यदि हां, तो कब तक आवासों की व्यवस्था की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री मदन कौशिक | '07. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम | **पर्यटन** |

19.08.2014 — एवं कुमाऊ मण्डल विकास निगम के पर्यटन आवास गृहों की लाभ हानि की स्थिति क्या है ? क्या सरकार उक्त आवास गृहों को लाभ में लाने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>19.08.2014 | '08. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सरकार रिवर राफ्टिंग को बढावा देने की कोई नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>20.08.2014 | '09. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के घनघूरा आदेचौरा सुनारखेत एवं चपड़ाखेत पेयजल योजना जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पेयजल की समस्या बनी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजना के पुनर्गठन हेतु योजना स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>20.08.2014 | '10. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर में पेयजल विभाग के 34 नलकूपों पर जेनरेटर उपलब्ध नहीं है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने या वोल्टेज कम हो जाने की दशा में नलकूप से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की गयी है ? | **पेयजल** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>21.08.2014 | '11. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के धूरोली एवं सिरकुच पेयजल योजना में पाईपों में जंग लगने से पाईप लाईन जगह जगह क्षतिग्रस्त है जिस कारण पेयजल की समस्या बनी है ? क्या सरकार उक्त पेयजल योजनओं के पुनर्गठन हेतु धन स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>22.08.2014 | '12. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गंगा स्वच्छता अभियान 2020 के अन्तर्गत प्रस्तावित 16 सीवरेज एवं सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का कितना भौतिक कार्य 31 दिसम्बर, 2013 तक पूर्ण हो चुका है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस तिथि को स्वीकृति धनराशि, अवमुक्त धनराशि तथा व्यय की गयी कुल धनराशि का विवरण क्या है तथा इन 16 परियोजनाओं का परियोजनावार उपरोक्त विवरण क्या है ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.08.2014 | '13. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत लोहाघाट नगर तथा नगर से लगे गावों में पानी की समस्या को लेकर कई वर्षों से सरयू नदी से लिफ्ट पेयजल योजना की मांग की जा रही है जिसकी डी0पी0आर0 शासन में लम्बित पड़ी है ? यदि हां, तो क्या सरकार योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी ? | **पेयजल** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>22.08.2014 | '14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के राजकीय इण्टर कालेज दूनाकोट में प्रवक्ता के कुल कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार इन पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>22.08.2014 | '15. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं को पुनर्गठन प्रस्तावित है तथा उनका विवरण एवं स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रस्तावित योजनाओं का पुनर्गठन कब तक किया जायेगा ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>25.08.2014 | '16. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रा0 पाठशालाओं में कितनी छात्र संख्या पर कितने शिक्षकों का मानक है ? क्य सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर शिक्षक नियुक्त हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने ऐसे विद्यालय हैं जहां 20 से कम छात्र संख्या पर 2 से अधिक शिक्षक हैं ? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>25.08.2014 | '17. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत खूना मलक पेयजल योजना 30 वर्ष पुरानी योजना है जो वर्तमान में अत्यन्त जीर्ण शीर्ण हो चुकी है एवं क्या सत्य है कि वर्तमान में उक्त क्षेत्र की जनसंख्या तीन गुना बढ़ चुकी है जिस कारण पेयजल की भारी समस्या हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजना का पुनर्गठन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>25.08.2014 | '18. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विकास खण्ड बाराकोट की मल्ला तथा तल्ला बापरू पेयजल योजना 40 वर्ष पुरानी योजना है जो वर्तमान में अत्यन्त जीर्ण शीर्ण हो चुकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>27.08.2014 | '19. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि देहरादून सहित राज्य के सभी पब्लिक स्कूलों में प्रवेश शुल्क एवं शिक्षण शुल्क में प्रतिवर्ष मनमानी बढ़ोतरी की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार पब्लिक स्कूलों द्वारा शुल्क के नाम पर की जा रही मनमानी बढोतरी पर अंकुश लगाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त का विस्तृत विवरण देने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>15.09.2014 | '20. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत गरूड़ ग्राम समूह पेयजल योजना की स्वीकृति पर शासन स्तर पर विचार हो रहा है ? यदि हां, तो उक्त योजना में कौन कौन से गावों को सम्मिलित किया गया है तथा उक्त योजना को इतने लम्बे समय तक स्वीकृति नहीं मिलने का क्या कारण हैं ? क्या सरकार तत्काल उक्त योजना स्वीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2014 | 1. | क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर में आडिटोरियम (प्रेक्षागृह) को सुसज्जित करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है तथा सज्जा हेतु अब तक किए गए कार्यों का विवरण क्या है तथा कब तक कार्य पूर्ण किया जायेगा ? | **संस्कृति** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2014 | 2. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत पर्यटन विकास हेतु अब तक किन किन योजनाओं/परियोजनओं को प्रस्तावित किया गया है तथा इन प्रस्तावित योजनाओं में से किन–किन योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई ? इन स्वीकृत योजनओं के निर्माण की प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? अवशेष योजनाओं के निर्माण हेतु कब तक स्वीकृतियां जारी की जायेगी ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2014 | 3. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत आई0एच0एम0 की स्थापना हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा रामनगर में कब तक आई0एच0एम0 की स्थापना की जायेगी ? इसके लिए कितनी धनराशि का प्राविधान किया गया है ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04.08.2014 | 4. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत सीतावनी में डे–सफारी योजना प्रारम्भ करने के संबंध में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक सीतावनी में डे–सफारी योजना प्रारम्भ किए जाने का लक्ष्य है ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05.08.2014 | 5. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत बस्यूर पम्पिंग पेयजल योजना कब स्वीकृत की गई थी ? क्या इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त योजना पर अब तक कुल कितना खर्चा किया गया है तथा वस्यूर वासियों को इस पम्पिंग पेयजल योजना से कब तक पेयजल उपलब्ध हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्या विभाग जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2014 | 6. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किन किन राजकीय इण्टर कालेजों में कब कब से प्रधानाचार्य के पद रिक्त हैं और इन रिक्त पदों पर स्थायी प्रधानाचार्यों की नियुक्ति/तैनाती करने की दिशा में की गयी कार्यवाही और हुई | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक राज्य के राजकीय इण्टर कालेजों में स्थायी प्रधानाचार्यों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी ? क्या यह सत्य है कि राजकीय इण्टर कालेजों में स्थायी प्रधानाचार्यों की नियुक्ति/तैनाती न होने के कारण विद्यालय की शिक्षण एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ? यदि हां, तो इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? यदि नहीं, तो विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था एवं प्रशासनिक नियम बनाये रखने हेतु क्या क्या कारगर कदम उठाये गये हैं ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2014 | 7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किस किस जनपद के कौन से शिक्षक कब से किन विद्यालयों में सम्बद्धीकरण पर हैं तथा उक्त शिक्षकों के सम्बद्धीकरण पर बनाये रखने का औचित्य एवं उद्येश्य क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन शिक्षकों के सम्बद्धीकरण के कारण इनके मूल नियुक्ति वाले विद्यालयों में प्रभावित हो रही शिक्षण व्यवस्था के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा सम्बद्धीकरण की इस व्यवस्था को समाप्त किये जाने के संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं और कब तक सम्बद्धीकरण की इस भ्रष्ट व्यवस्था को समाप्त किया जायेगा ? | **शिक्षा** |
| श्री आदेश चौहान<br>08.08.2014 | 8. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0एल0 के अन्तर्गत भेल पुनर्ववास कालोनी (विष्णु लोक) जहां पर लगभग पन्द्रह सौ परिवार निवास करते हैं, क्षेत्र में कोई प्राथमिक विद्यालय भी नहीं है जबकि उक्त कालोनी में प्राथमिक विद्यालय हेतु भूमि आरक्षित है ? यदि हां, तो क्या सरकार की उक्त स्थान पर प्राथमिक विद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक योजना प्रारम्भ हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री आदेश चौहान<br>08.08.2014 | 9. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0एल0 के अन्तर्गत सिडकुल की आवासीय कालोनी गंगा नगरी में प्राथमिक विद्यालय हेतु आरक्षित भूमि पर आज तक विद्यालय का निर्माण नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्रवासियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थान पर विद्यालय का निर्माण कराये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री आदेश चौहान<br>08.08.2014 | 10. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के विकास खण्ड बहादराबाद के अन्तर्गत ग्राम सीतापुर में राजकीय इण्टर कालेज के नाम से एक विद्यालय का संचालन कई वर्षों से प्रबन्ध समिति के सदस्यों एवं प्रबन्ध समिति के विभागीय अनुमोदन के बिना ही किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अपना कोई पर्यवेक्षक नियुक्त करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>08.08.2014 | 11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में इण्टर स्तर पर विज्ञान विषय स्वीकृत नहीं है ? यदि हां तो क्या सरकार द्वारा वंचित विद्यालयों में विज्ञान विषय के पद स्वीकृत किये जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>08.08.2014 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य/शिक्षकों के कितने पद सृजित हैं ? क्या सृजित पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं ? यदि | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| | हां, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तिक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत 08.08.2014 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों के भवन जीर्ण–शीर्ण स्थिति में हैं ? क्या सरकार जीर्ण शीर्ण भवन युक्त विद्यालयों को नये भवन उपलबध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.08.2014 | 14. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में धर्मस्व विभाग को मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु धन आवंटित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मन्दिरों में सौन्दर्यीकरण हेतु धन आवंटित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक 08.08.2014 | 15. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा आज तक पर्यटन संबंधी कितनी परियोजनायें केन्द्र सरकार को प्रेषित की गयी हैं तथा योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक 11.08.2014 | 16. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग द्वारा गत सरकार के कार्यकाल में जारी मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु धन की दूसरी किस्त जारी नहीं की गयी है ? यदि हां, तो इसका कारण क्या है ? क्या सरकार द्वारा नीति में बदलाव किया गया है ? | **पर्यटन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2014 | 17. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय इन्टर कालेज बंगियाल में कक्षा कक्षों के 30 कमरों के भवन निर्माण की स्टीमेट पूर्व में शासन को प्रेषित किया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के कक्षा कक्षों के निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2014 | 18. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय कन्या इन्टर कालेज थत्यूड़ का उच्चीकरण हुआ था लेकिन आज तक अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पायी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2014 | 19. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कितने स्कूल ऐसे है जो कि मात्र शिक्षा मित्रों के माध्यम से संचालित हो रहे हैं ? क्या सरकार उक्त स्कूलों में नियमित अध्यापकों की नियुक्ति हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक 12.08.2014 | 20. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटन अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या पर्यटन अधिकारियों के रिक्त पदो के कारण पर्यटन पर प्रभाव पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार की नीति क्या है तथा अधिकारियों को कब तक तैनात कर दिया जायेगा ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक 12.08.2014 | 21. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कौन कौन से ऐसे ब्लाक हैं जहां पर वर्तमान में राजकीय इण्टर कालेज नहीं है ? क्या सरकार प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना हेतु नीति बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 13.08.2014 | 22. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रजकीय कन्या इन्टर कालेज क्यारी (पालीगाड) का उच्चीकरण वर्ष 2010–11 में हुआ था ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पद सृजित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री मदन कौशिक 14.08.2014 | 23. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गतवर्ष विभाग द्वारा 2013–14, 2014–15 में पर्यटन प्रचार प्रसार हेतु कितना धन खर्च किया गया है ? क्या इसके कारण पर्यटन पर इसका प्रभाव हुआ है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 14.08.2014 | 24. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अशासकीय सहायत प्राप्त विद्यालयों में पूर्व में स्थगित की गई अध्यापकों, सहायक अध्यापकों की नियुक्ति प्रकिया को पुनः प्रारम्भ करने की स्वीकृति किस दिनांक को दी गई थी ? क्या यह सत्य है कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पदों पर नियुक्तियां की गई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि यह नियुक्तियां माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 2006 के अन्तर्गत गठित चयन समिति के माध्यम से की गई है ? यदि हां, तो चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के पदो के अनुमोदन सरकार द्वारा स्थगित क्यों किये गये थे ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 14.08.2014 | 25. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण की क्या व्यवस्था है और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक कितने मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु कितनी–कितनी धनराशि कब–कब स्वीकृत की गई है और वर्तमान सरकार के कार्यालय में अब तक मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु कितने प्रत्यावेदन/प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन प्रत्यावेदनों/प्रार्थना पत्रों का मन्दिर तथा जनपदवार विवरण क्या है और कब तक उक्त मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत की जायेगी ? | **धर्मस्व** |
| श्रीमती अमृता रावत | 26. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज बहेड़ाखाल में रिक्त पदों पर शिक्षकों | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| 19.08.2014 | की नियुक्ति करने के संबंध में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 680/मंत्री/3–शिक्षा/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 तथा पत्रांक 781/मंत्री/3–शिक्षा/2014 दिनांक 04 मार्च, 2014 कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित समस्या के समाधान एवं आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी और विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों का विवरण क्या है ? | |
| श्री विशन सिंह चुफाल 19.08.2014 | 27. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के रमसा के अन्तर्गत कुल कितने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैं तथा उनमे अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 19.08.2014 | 28. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर के नगर निगम क्षेत्र काशीपुर के अन्तर्गत 40 वर्ष पुरानी बिछाई गई पेयजल लाईन का नवीनीकरण कराया जाना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो प्रस्तावित योजना का प्रारूप क्या है और कब तक योजना को क्रियान्वित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री मदन कौशिक 19.08.2014 | 29. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013–14 और 2014–15 में राज्य में आने वाले में पर्यटकों की स्थिति का विवरण क्य है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पर्यटकों की कम होती संख्या को बढाने की सरकार की नीति क्या है ? | **पर्यटन** |
| श्री मदन कौशिक 19.08.2014 | 30. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गत वर्ष आई आपदा के कारण पर्यटन विभाग की कितनी सम्पतियों की हानि हुई है ? क्या इस हानि की क्षति पूर्ति विभाग को कर दी गयी है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 20.08.2014 | 31. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत उच्चीकृत हाईस्कूलों एवं इन्टरमीडिएट विद्यालयों में विद्यालय भवन एवं अध्यापक नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्चीकृत विद्यालयों में विद्यालय भवनों के निर्माण करने एवं अध्यापकों की नियुक्ति हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 20.08.2014 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज हैं तथा उनमे कितने प्रधानाचार्य के पद रिक्त हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पदो के रिक्त होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत 20.08.2014 | 33. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम कोली मल्ली की पेयजल योजना के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 892/मंत्री/23–पेयजल/2013–14 दिनांक 27 मार्च, 2014 पर | **पेयजल** |

परियोजना प्रबन्धक, स्वजल परियोजना, जिला परियोजना, जिला परियोजना प्रबन्धक ईकाई श्रीनगर (गढ़वाल) द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ?

श्रीमती अमृता रावत 20.08.2014

34. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत तुमड़ियाडाम की विकट पेयजल समस्या के निवारण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5375/मंत्री/23–पेयजल/2013 दिनांक 23/12/2013 के संदर्भ में आपके पत्रांक 2933 दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 के द्वारा अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां तो वर्णित विकट पेयजल समस्या के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक तुमड़ियाडाम की पेयजल समस्या का निवारण किया जायेगा ? **पेयजल**

श्रीमती अमृता रावत 20.08.2014

35. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के अन्तर्गत मुण्डनेश्वर पम्पिंग पेयजल योजना से जलापूर्ति प्रारम्भ करने तथा त्रुटियों का निवारण करवाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 671/मंत्री/23–पेयजल/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 के प्रत्यावेदन में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि मुण्डनेश्वर पम्पिंग पेयजल योजना से कब से जलापूर्ति प्रारम्भ की गई है और त्रुटियों का निवारण कब किया गया है ? **पेयजल**

श्रीमती अमृता रावत 20.08.2014

36. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पेयजल समस्याओं के संबंध में आठ बिन्दुओं पर दिनांक 18 मई, 2013 को आयोजित बैठक का कार्यवृत उपलब्ध करवाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 4423/मंत्री/23–पेयजल/2013–14 दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 पर आपके दिनांक 22.10.2013 की टिप्पणी में बैठक का कार्यवृत उपलबध कराने के साथ ही बिन्दुवार आख्या से मा0 मंत्री जी एवं इस कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश प्रबन्ध निदेशक पेयजल को दिए गए हैं ? यदि हां, तो उपरोक्त आदेशों के अनुपालन हेतु प्रबन्ध निदेशक, पेयजल उत्तराखण्ड द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा बैठक का कार्यवृत अभी तक उपलब्ध न कराए जाने तथा बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध न कराए जाने का कारण क्या है और इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? **पेयजल**

श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.08.2014

37. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में काण्डी पम्पिंग योजना एवं कांगडा पम्पिंग योजना की स्वीकृति विषयक मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–1 संख्या–वी0आई0पी(एम)/5412/एक्स0एक्स0एक्स0वी0–1/2014(2) देहरादून–दिनांक 29 मई, 2014 को मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन आज तक शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **पेयजल**

श्री दलीप सिंह

38. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के **पर्यटन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रावत<br>21.08.2014 | | लैंसडौन के निकट विभाग द्वारा क्या झील निर्माण की योजना है ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री नवप्रभात<br>21.08.2014 | 39. | **प्रथम बुधवार के अता0 62 में स्थाना0**<br>क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ''बीच कैम्पिंग पॉलिसी'' मंजूर की गयी है ? यदि हां, तो कौन कौन से क्षेत्र इसके लिये चिन्हित किये गये हैं ? क्या वन्य जीव अभ्यारण्यों की 02 कि0मी0 की परिधि पर लागू किये गये नियम बीच कैम्प पर भी लागू होंगे ? | **पर्यटन** |
| श्री नवप्रभात<br>21.08.2014 | 40. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में पृथ्वीपुर नामक स्थान पर पेयजल ट्यूबवैल स्थापित हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे यह ट्यूबवैल कब स्थापित हुआ था तथा इसकी क्षमता क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस ट्यूबवैल पर ओवर हैड टैंक न बनाने का क्या कारण है तथा इस ट्यूबवैल पर जेनरेटर उपलब्ध हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>21.08.2014 | 41. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितनी ग्रामीण पेयजल योजनाओं को ग्राम सभाओं को हस्तांतरित किया जा चुका है तथा इन में से कितनी योजनायें पूर्ण रूप से बन्द हैं, कितनी में आंशिक जलापूर्ति हो रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन योजनाओं के रखरखाव, मरम्मत तथा पुनर्गठन के लिए वर्ष 2007 से वर्षवार कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है ? | **पेयजल** |
| श्री मदन कौशिक<br>22.08.2014 | 42. | **प्रथम मंगलवार के अता0 66 में स्थाना0**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने ब्लाकों में उच्च शिक्षा हेतु कोई राजकीय डिग्री कालेज नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित के दृष्टिगत प्रत्येक ब्लाक में एक राजकीय डिग्री कालेज खोलने पर विचार करेगी ? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.08.2014 | 43. | क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत योजनाओं/परियोजनाओं तथा उनके निर्माण कार्यों की प्रगति और स्वीकृत धनराशि का योजनावार विवरण क्या है तथा इन स्वीकृत योजनओं के निर्माण हेतु चयनित कार्यदायी संस्थाओं का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन संस्थाओं को उपलब्ध कराई गई धनराशि और अब तक व्यय की गई धनराशि का योजनावार विवरण क्या है तथा कब तक इन योजनाओं का निर्माण करवाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? | **संस्कृति** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>25.08.2014 | 44. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0पी0एड0 डिग्री धारक बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक रोजगार प्रदान किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह | 45. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीना<br>25.08.2014 | | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज हैं ? क्या सरकार उनका जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय इण्टर कालेजों में नियुक्त शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का भी कालेजवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>25.08.2014 | 46. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के क्षेत्र खटीमा में सीवर लाईन बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>25.08.2014 | 47. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नानकमत्ता को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री गणेश जोशी<br>25.08.2014 | 48. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कितने इण्टर कालेजों में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति की गई है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में रिक्त व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विचार कया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>25.08.2014 | 49. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत 01 जनवरी, 2013 से 26 जून, 2014 तक राजकीय इण्टर कालेजों में कुल कितने प्रवक्ताओं का स्थानान्तरण हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि रिक्त स्थानों में प्रति स्थानी के रूप में प्रवक्ताओं की नियुक्ति हुई है तथा उसका विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कुल कितने प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं तथा सरकार द्वारा उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>25.08.2014 | 50. | क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिन्दी साहित्य के प्रथम डी0 लिट डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के जन्म स्थान (पैत्रिक स्थान) ग्राम–पाली जहरीखाल, जिला–पौड़ी गढ़वाल में स्व0 श्री बड़थ्वाल जी की स्मृति में सरकार कोई कार्यक्रम आयोजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संस्कृति** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>25.08.2014 | 51. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में गिरीताल पेयजल योजना रू0 527.00 लाख के पुनर्गठन का प्रस्ताव जो पेयजल विभाग द्वारा ए0डी0बी0 योजना के अन्तर्गत ट्रेन्च–3 में प्रस्तावित होना था के प्रति सरकार द्वारा संबंधित योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा पेयजल निगम काशीपुर को धन अवमुक्त कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>25.08.2014 | 52. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अंतर्गत मोत्यूराज पेयजल योजना कई वर्ष पुरानी योजना है जो वर्तमान में अत्यन्त जीर्ण शीर्ण हो चुकी है एवं वर्तमान में वहां की जनसंख्या तीन | **पेयजल** |

गुना बढ़ चुकी है तथा वहां पर पेयजल की भारी समस्या हो रह है ? क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>26.08.2014 | 53. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के राजकीय इण्टर कालेज लांघा के भवन तथा अध्यापक/कर्मचारी निवास के पुनः निर्माण के लिए कितने का आगणन विरचित किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भवन निर्माण के लिए कौन सी कार्यदायी संस्था नियत की गयी है तथा सरकार द्वारा इस भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है ? | **शिक्षा** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>26.08.2014 | 54. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत रा0उ0मा0वि0 विचुवा का उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>26.08.2014 | 55. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के योग प्रशिक्षितों की नियुक्ति हेतु कोई शासनादेश जारी किया गया है ? यदि नही ंतो क्या सरकार प्रदेश के योग प्रशिक्षित बेरोजगारों की नियुक्ति हेतु कोई शासनादेश जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>26.08.2014 | 56. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत जोगियाड़ा हाईस्कूल को इन्टरमीडिएट तक एवं भाल की माण्डे जूनियर हाईस्कूल को हाईस्कूल तक उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>26.08.2014 | 57. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी की स्वीकृति के बाद भी आज तक मरोड़ा सकलाना हाईस्कूल से इन्टरमीडिएट संबंधी पत्रांक संख्या 1498 दिनांक 23 मई, 2014 एवं मझगांव (सेलवाणी) जूनियर हाईस्कूल से इन्टरमीडिएट पत्रांक संख्या 1499 दिनांक 23 मई, 2014 के बावजूद उच्चीकरण का आज तक शासनादेश नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्कूलों के लिए उच्चीकरण संबंधी निर्गत शासनादेश करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>27.08.2014 | 58. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रेषित पुरूकुल से हाथीपांव तक रोप–वे के निर्माण की काई योजना शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना पर कार्य करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>28.08.2014 | 59. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत रिखणीखाल विकासखण्ड में 2003 में स्वीकृत पर्यटक आवास हेतु कितनी धन राशि स्वीकृत की गयी थी तथा विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने | **पर्यटन** |

का कष्ट करेंगे कि उक्त पर्यटक आवास के निर्माण में हुए विलम्ब का कोई अधिकारीगण दोषी है ? यदि हां, तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 28.08.2014 | 60. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत लैंसडौन, पौड़ी खिर्सू हेतु पूर्व में प्रस्तावित पर्यटन सर्किट की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या उक्त पर्यटन सर्किट हेतु कोई नयी योजना सरकार द्वारा प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 03.09.2014 | 61. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012–13 में अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में घोषणा की थी कि हशीढुंगा–गुजरकोट पेयजल योजना का निर्माण कार्य एक वर्ष में कर लिया जायेगा ? क्या मंत्री जी द्वारा यह आश्वसान दिया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि अधिकारियों द्वारा योजना के निर्माण कार्य को डी0पी0आर0 अभी तक नहीं बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों को निर्देशित करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेजयल** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 03.09.2014 | 62. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में प्रा0 पाठशाला बातुला का भवन ध्वस्त हैं ? यदि हां, तो क्या विद्यालय के छात्र छात्राओं की बैठने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था है ? क्या मंत्री यह भी बतायेंगे कि सरकार ध्वस्त भवन का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 04.09.2014 | 63. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनवरी 2014 से वर्तमान तक अल्मोड़ा जिले से शिक्षा विभाग के अधिकारियों प्रधानाचार्यों व अन्य कर्मचारियों का स्थानानान्तरण जिले से बाहर किया गया है और उनके स्थान पर कितने प्रतिस्थानी आये हैं ? क्या मंत्री जी उनका अल्मोड़ा जिले की विधान सभा वार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन स्थानान्तरणों से अल्मोड़ा जिले में पूर्व से जो रिक्तियां थीं क्या उनके स्थान पर नियुक्तियां हुई हैं ? यदि हां, तो तदसंबंधित विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.09.2014 | 64. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आई दैवीय आपदा से 16–17 जून 2013 से शिक्षा विभाग के कितने भवन आपदा से क्षतिग्रस्त हुए ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्षतिग्रस्त भवनों का निर्माण किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 12.09.2014 | 65. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मूलाकोट की क्षेत्रीय जनता द्वारा विगत लम्बे समय से कन्या जू0हाईस्कूल बनाये जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार बालिका शिक्षा हेतु कन्या जू0हाईस्कूल खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह | 66. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| फर्त्याल<br>12.09.2014 | | लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम बिनवाल की जनता द्वारा विगत लम्बे समय से क्षेत्र में जू0 हाईस्कूल बनाये जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा–दीक्षा हेतु जू0हाईस्कूल खोले जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री चन्दन राम दास<br>15.09.2014 | 67. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के ग्राम जौल काण्डे में पर्यटन विभाग ने विशेष पर्यटन सर्किल के माध्यम से दो योजनायें स्वीकृत की थी ? यदि हां, तो कौन–कौन सी योजनायें थी तथा कितनी धनराशि की योजना स्वीकृत थी ? क्या मंत्री जी उक्त दोनों योजनाओं का शीघ्र ही निर्माण प्रारम्भ करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>16.09.2014 | 68. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षकों हेतु शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार चयन की प्रक्रिया हेतु कोई नियमावली निर्धारित है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उत्तराखण्ड स्थापना के बाद उक्त पुरस्कार चयन हेतु नियमावली का पूर्णतः पालन किया गया है ? यदि नहीं, तो चयनकर्ताओं के खिलाफ क्या विभाग कोई कार्यवाही करेगा ? क्या विभाग भविष्य में उक्त नियमावली के पालन हेतु कड़े निर्देश देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>17.09.2014 | 69. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम जेठाई–बगचूड़ी पम्पिंग योजना को स्वीकृति की कार्यवाही लम्बे समय से शासन स्तर पर लम्बित है ? यदि हां, तो इस योजना में कितने गावों को पेयजल आपूर्ति की जायेगी और इसे स्वीकृति न मिलने का क्या कारण है तथा विलम्ब के लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार है ? क्या इस योजना को शासन स्तर पर जल्दी स्वीकृति मिलेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>18.09.2014 | 70. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ऐसे प्रा0 पाठशालाओं का विधान सभावार विवरण देंगे जहां वर्तमान तक में भी पहली कक्षा के बच्चों को शिक्षा हेतु प्रतिदिन कम से कम 02 कि0मी0 पैदल चलना पडता है ? यदि हां, तो क्या सरकार गांव से विद्यालयों तक सम्पर्क मार्ग या और कोई ठोस योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.09.2014 | 71. | क्या शिक्षा मंत्री प्रदेश के विद्यालयों में सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य बनने के बाद लगाये गये कम्पयूटरों की संख्या का विधान सभा व वर्षवार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा इनकी देख–रेख (ए0एम0सी) हेतु कोई व्यवस्था भी की गयी थी ? यदि हां, तो क्या और उसमे होने वाले व्यय का भी सरकार विधान सभा व वर्षवार विवरण देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री गणेश जोशी<br>23.09.2014 | 72. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के सहस्त्रधारा एवं राबर्स कैंव देहरादून के प्रमुख पर्यटक स्थल हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी विधान सभा क्षेत्र के उक्त दोनों पर्यटक स्थलों के सौन्दर्यीकरण एवं पार्किंग स्थल के | **पर्यटन** |

निर्माण कार्य हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त दोनों पर्यटक स्थलों के सौन्दर्यीकरण एवं पार्किंग की वर्तमान स्थिति क्या है और वर्तमान तक उक्त कार्यों के लिए कितनी धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 29.09.2014 | 73. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के गठन के बाद सन् 2003 में प्रदेश के विद्यालयों में उत्तराखण्ड के परिवेश से संबंधित नवीन पाठ्यक्रम लागू करते हुए कक्षा 8 की हिन्दी की पुस्तक भाषा रश्मि भाग–3 पढाई जाती थी ? यदि हां, तो इस पुस्तक के स्थान पर बुरांश भाग–3 2010 के बाद से पढाया जा रहा है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ? | **शिक्षा** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 10.10.2014 | 74. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिला हरिद्वार के कुछ मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है और कुछ मान्यता प्राप्त मदरसों में उक्त योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कुछ मदरसों जो कि मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं उनको मध्याह्न भोजन योजना का लाभ किन कारणों से नहीं दिया जा रहा है तथा सरकार तत्संबंधी समस्त विवरण उपलब्ध करायेगी ? | **शिक्षा** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 10.10.2014 | 75. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार में उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त कितने मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक, हरिद्वार के यहां वर्ष 2014 में आवेदन प्राप्त हुए हैं ? क्या मदरसा संचालकों द्वारा अपने मदरसों में मध्याह्न भोजन योजना चलाये जाने हेतु प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों के अनुसार सभी मदरसों में उक्त योजना को लागू कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उन सब का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

# नत्थी-''घ''

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 26 नवम्बर, 2014 की बैठक में दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**नवम्बर, 2014**

27 गुरूवार

1. विधायी कार्य।

(1) मदरहुड विश्वविद्यालय विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(3) उत्तराखण्ड राज्य गैरसैंण विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(4) उत्तराखण्ड राज्य खनिज विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

(5) उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास परिषद विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

2. **नियम-105 के प्रस्तुतीकरण पर विचार**

1. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :- **(30 मिनट)**

''राज्य में नगर निगम व नगर पालिका, नगर पंचायतों के कार्यो के संचालन हेतु संयुक्त रूप से सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों/ मेयर/ अध्यक्ष/ पार्षद/सदस्यों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया जाय।''

3. **नियम-54 की सूचना**

1. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :- **(30 मिनट)**

''प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ विभागों की अलग-अलग बी0पी0एल0 सूची के आधार पर दिया जा रहा है। विभागवार अलग-अलग सूची से भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है तथा वास्तविक पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित हो रहें है। अतः जनहित में आवश्यक है कि प्रदेश में बी0पी0एल0 परिवारों की एक सम्पूर्ण सूची बनायी जाय तथा सभी विभागों हेतु एक ही सूची मान्य हों।''

2. श्री शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-(**30 मिनट**)

"राज्य के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसी बस्तियां बसी हुयी है जिनके निवासियों के पास उस भूमि का कोई मालिकाना प्रमाण पत्र नही है, जिस पर उन्होने अपने रिहायशी मकान बनाये है।

ये आवासीय ईकाईयां अस्थायी, अर्द्ध स्थायी तथा स्थायी तीनों संरचनाओं में है। ये बस्तियां नदियों के किनारें, सड़कों के किनारे तथा अनुपयुक्त पड़ी राजकीय या विभागीय भूमियों पर विकसित हुयी है।

कुछ नगर निकायों में ऐसे बस्तियों को मलिन बस्ती के रूप में अधिसूचित भी किया गया है, परन्तु ग्रामीण क्षेत्र जो ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत आता है, में ऐसी कोई अधिसूचना की कार्यवाही नही की गयी है।

इन बस्तियों में बिजली, पानी की सुविधाएं अस्थायी व्यवस्थाओं के अन्तर्गत प्रदान की गयी है, परन्तु स्वच्छता की दृष्टि से ये मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां के निवासियों के पास राशन कार्ड, वोटर कार्ड आदि की पूर्ण व्यवस्था है।

इन बस्तियों की बसावट आपदा के समय राहत पहुंचाने की दृष्टि से भी अति संवेदनशील है।

इन बस्तियों के निवासी समाज को मजदूर तथा सेमी स्किल्ड मजदूर के रूप में, अत्यधिक छोटे व्यापारी तथा व्यवसायियों के रूप में अति आवश्यक सेवा प्रदान करते है। घरेलू सहायकों के रूप में इनका योगदान है।

सामाजिक संरचना में इस सर्विस सेक्टर के योगदान तथा आवश्यकता को देखते हुए यह समाज के हित में है कि इन मलिन बस्ती वासियों को सुरक्षित स्वच्छ आवासीय सुविधा प्रदान करने की नीति प्रख्यापित की जाय।

विनियमितीकरण की प्रक्रिया से राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय भार भी नही पडेगा, क्योंकि इस प्रक्रिया से संसाधन तथा राजस्व स्वमेव उत्पन्न होंगे। देश के अन्य राज्यों में ऐसी नीतियां निर्धारित की जा चुकी है।

अतः इस प्रस्ताव के माध्यम से मैं जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा कराये जाने की मांग करता हूं।

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "ङ"

## राष्ट्र–गान

जन–गण–मन–अधिनायक जय हे।

भारत–भाग्य–विधाता।।

पंजाब–सिंधु–गुजरात–मराठा

द्राविड़–उत्कल–बंग।

विन्ध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा,

उच्छल–जलधि–तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन–गण–मंगलदायक जय हे,

भारत–भाग्य–विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।